पंजाब केसरी 20/02/2025



7 दिवसीय शिविर के तीसरे दिन कॉलेज प्रांगण में उपस्थित स्वयंसेवक व अध्यापकगण। (देवदत्त)

# भारत का स्वयंसेवक दानवीर होना चाहिए : डा. आनन्द

अम्बाला, 19 फरवरी (ब्यूरो): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट एन.एस.एस. यूनिट द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन बुधवार को डा. आनन्द कुमार, समन्वयक एन.एन.एस. प्रकोष्ठ, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे।

उन्होंने भारत के अतीत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत का स्वयंसेवक दानवीर होना चाहिए, उसके हाथ सदैव मदद के लिए तत्पर रहने चाहिए। स्वयंसेवक भीड़ से हटकर अपनी पहचान बनाता है। जब-जब भारत पर आपदा आई तब तब हमारा स्वयंसेवक फौलाद की भांति अटल रहकर अपने कर्तव्य करता रहा।

कॉलेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि हमारे स्वयंसेवक समाज के प्रत्येक कार्य के लिए समर्पित है। विभिन्न गतिविधियों के द्वारा समाज को जागृत करना हमारा लक्ष्य है। कार्यक्रम अधिकारी डा. अनीश ने बताया कि शिविर संध्याकालीन सत्र में विभिन्न पोस्टर बनाकर गांव के लोगों को जागरूक किया गया, जिसमें स्वावलंबी भारत एवं लैंगिक समानता के पोस्टर विशेष आकर्षण के बिंदु रहे। डा. सरोज बाला ने बताया कि पोस्ट के द्वारा यह बताने का प्रयास किया गया कि आज स्त्रियां एवं पुरुष समाज में समान है तथा किसी भी प्रकार का भेद करना मानसिक रुग्णता का परिचायक है। इस अवसर पर एन.एस.एस. सलाहकार समिति की सदस्य प्रियंका बल्दिया उपस्थित रहीं।